## Headline

1. Karnataka: मंदिरों पर 10 प्रतिशत टैक्स लगाएगी कांग्रेस सरकार; भड़की भाजपा, फैसले को बताया 'हिंदू विरोधी'
2. X: भारत सरकार के आदेश से एलन मस्क की कंपनी नाराज, कहा- हम अकाउंट ब्लॉक तो कर रहे, लेकिन सहमत नहीं हैं


सांध्य दैनिक

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 9 अंक : 223 | इंदौर, गुरुवार 22 फरवरी, 2024 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए


### लगातार दबिश से दो साल में...

# 500 तस्कर गिरफ्त में

## जांच और पूछताछ में चौंकाने वाला खुलासा, दूसरे राज्यों से आ रहा नशा

@ DGR विशेष

**इंदौर।** नशे पर वार के पुलिस द्वारा लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसके लिए क्राइम ब्रांच के साथ ही सभी थानों की पुलिस भी सक्रिय है और अलग-अलग टीमें नशे के सौदागरों की धरपकड़ कर रही है। ऑपरेशन क्राइम कंट्रोल में तस्करों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान का असर भी देखने को मिला और दो साल में कार्रवाई करते हुए करीब 500 तस्करों को गिरफ्त में लिया गया है। इन तस्करों के पकड़ाने के बाद पूछताछ और जांच में चौंकाने वाला खुलासा हुआ है। पुलिस को पता चला कि शहर में दूसरे राज्यों से नशा लाकर यहां पर खपाया जा रहा है। इसके चलते अब पुलिस पूरी लिंक खोजकर नेटवर्क ध्वस्त करने में जुटी है। अफसरों का दावा है कि जल्दी ही इसमें सफलता मिलेगी।



### →ड्रग्स भेजने वाले रूट का पता चला

शहर में लगातार ड्रग्स की तस्करी बढ़ रही है। युवाओं को नशे का लती बना रहे हैं, जिससे अपराधों में भी बढ़ोतरी हुई है। पुलिस ने कुछ दिनों में कम उम्र के बालकों को ड्रग्स की तस्करी करते पकड़ा है। जांच में खुलासा हुआ कि तस्कर ओडिशा, मुंबई, दिल्ली, राजस्थान और बिहार से इंदौर में नशा सामग्री भेज रहे हैं। पुलिस ने पिछले दिनों ऐसे कई तस्करों को पकड़ा है, जिन्होंने शहर में ड्रग्स भेजने वाले रूट का खुलासा किया है।

### →इतने तस्कर पकड़े

जानकारी के मुताबिक, नेशनल इंटीग्रेटेड डेटाबेस नार्को रिपीट ऑफेंडर्स (निदान पोर्टल) के हिसाब से पिछले 2 वर्ष में बाहर से शहर में आने वाले 498 अपराधी पकड़े गए हैं। इंदौर पुलिस के 2022 के आंकड़ों के मुताबिक, नशे की तस्करी करने वाले 139 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। 2023 में पुलिस ने 260 तस्करों को सलाखों के पीछे भेजा है।

### →बड़ी समस्या बना नशा

अधिकारियों का भी कहना है कि इंदौर में नशा सबसे बड़ी समस्या बन चुका है। जांच और थानों की डिटेल से पता चला है कि शहर में रोजाना 6 हजार से ज्यादा लोग करीब 600 ग्राम स्मैक का नशा कर रहे हैं। हालांकि शहर में नशे की सप्लाइ डिमांड अनुसार बढ़ती जा रही है। इसके लिए पुलिस के साथ जनता को भी मिलकर प्रयास करना होंगे।

### →खंगाल रहे नशा सप्लाई की चेन

इंदौर शहर में नशे की सप्लाई की चेन पुलिस ने खंगालना शुरू कर दी है। पुलिस गिरफ्त में आए नशा तस्करों से शहर में आने वाले नशे का रोड मैप तैयार किया गया है। इसके आधार पर अब पुलिस नशे के सौदागरों का पूरा नेटवर्क ध्वस्त करने की तैयारी में है।

### →कहां से आ रहा कौनसा नशा

शहर में अलग-अलग राज्यों के शहरों से अलग-अलग नशा आता है। पुलिस की जांच में चौंकाने वाला खुलासा यह भी हुआ कि पुलिस की सख्ती के चलते नशे के सौदागर अपना रूट बदलकर किसी न किसी तरह शहर में नशा पहुंचाते हैं। ऐसे में अब मां अहिल्या की नगरी को उड़ता इंदौर बनने से बचाने के लिए पुलिस ने पूरी तरह से कमर कस ली है। ओडिशा से निकलकर रायपुर और भोपाल के बाद सेंट्रल मालवा रीजन में मादक गांजा पदार्थ पहुंच रहा है। वहीं एमडी ड्रग्स मुंबई से इंदौर आ रही है। नोएडा, दिल्ली के तस्करों ने भी इंदौर का रुख कर लिया है। इसी प्रकार ब्राउन शुगर और हेरोइनराजस्थान से मंदसौर होते हुए उज्जैन के रास्ते इंदौर पहुंच रही है। उधर, चरस बिहार से होते हुए देवास के रास्ते इंदौर पहुंच रही है।

### →नशे से दूर करने नवाचार

पुलिस द्वारा युवाओं को नशे की लत से दूर रखने के लिए नवाचार किया है। वह एडीपीएस एक्ट के अपराधियों को इस शर्त पर बेल देते हैं कि उन्हें रिहैब सेंटर में भर्ती किया जाएगा। अब तक 16 लोगों को रिहैब सेंटर भेज चुके हैं। नशे की लत में डूबे गरीब तबके के युवाओं को नशा मुक्ति केंद्र में जाने के लिए 25 से 30 हजार रुपए प्रवेश शुल्क देना होता है। इसके अलावा 20 हजार रुपए केवल 3 महीने का शुल्क लगता है। हालांकि, शहर में कुछ सरकारी रिहैब सेंटर मुफ्त में नशा छुड़वाते हैं।

### →युवा हो रहे महंगे नशे के आदि

पिछले दस वर्ष में नशा करने वालों और इसके कारोबार में इजाफा हुआ है। हमारे पास अब पहले से अधिक मरीज इलाज के लिए पहुंच रहे हैं। यह कहना है डॉ. रामगुलाम राजदान, पूर्व डीन शासकीय मानसिक रोग चिकित्सालय बाणगंगा का। उन्होंने बताया कि इंदौर में हॉस्टल सहित अकेले रहने वाले युवाओं की संख्या लाखों में है। ऐसे में इनमें से कई गलत संगत में पड़ जाते हैं। मध्यम व उच्च वर्ग के कई युवा महंगे नशे के आदी हो रहे हैं। इंदौर में ब्राउन शुगर का नशा करने वाले युवा भी तेजी से बढ़ रहे हैं, जो बेहद ही चिंताजनक स्थिति है, इसलिए पार्टी कल्चर पर नजर रखनी बेहद जरूरी है। प्रशासन को बस्ती, कस्बे से लेकर पॉश एरिया तक में कठोर निगरानी रखनी होगी, ताकि इसे बेचने वाले भी गिरफ्त में आ सके।

# अप्रैल से बदलेगा इंदौर से जाने वाली अंतरराष्ट्रीय उड़ानों का समय

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** देशभर में 31 मार्च से लागू हो रहे समर शेड्यूल में कई उड़ानों का समय बदलने वाला है। एक अप्रैल से प्रत्येक सोमवार शारजाह उड़ान 5.50 घंटे पहले रात्रि में 11.05 बजे इंदौर पहुंच जाएगी, जो अभी सुबह 5.55 बजे आती हैं। वहीं इंदौर से मंगलवार को जाने वाली उड़ान 6.40 घंटा पहले रात 12.05 बजे रवाना होगी, जो वर्तमान में सुबह 6.45 बजे रवाना होती हैं।

दुबई उड़ान का भी चार अप्रैल से एक घंटा देरी से रात 10.45 को इंदौर आएगी। अभी रात 9.35 बजे इंदौर पहुंच रही हैं। एयर इंडिया एक्सप्रेस द्वारा संचालित उड़ानों के समय मे परिवर्तन किया जा रहा है। अप्रैल से एयर इंडिया एक्सप्रेस शारजाह और दुबई की फ्लाइट का समय बदलने जा रही है। शारजाह उड़ान अभी जहां मंगलवार को सुबह आकर वापस जाती है, वहीं एक अप्रैल से यह सोमवार रात आकर मंगलवार देर रात वापस जाएगी। इससे यात्री देर रात ही शारजाह पहुंचेंगे और उन्हें सिर्फ रात के कुछ घंटे गुजारने के लिए होटल के पूरे दिन के पैसे चुकाना होंगे या रात एयरपोर्ट पर बिताना होगी। सबसे ज्यादा बदलाव मंगलवार की फ्लाइट में किया गया है। अभी इंदौर से हर मंगलवार और रविवार को इंदौर से शारजाह के बीच और गुरुवार को दुबई के बीच उड़ानों का संचालन हो रहा है। यह नए शेड्यूल में भी जारी रहेगा। सिर्फ उड़ानों के समय में बदलाव हो रहा हैं। विमान कंपनी ने नए शेड्यूल के अनुसार बुकिंग शुरू कर दी है।

### यह रहेगा शारजाह उड़ान का समय

- एक अप्रैल से प्रत्येक सोमवार शाम 6.15 बजे शारजाह से चलकर रात 11.05 बजे इंदौर पहुंचेगी।
- प्रत्येक मंगलवार को रात्रि 12.05 बजे के इंदौर से रवाना होकर रात 3.05 बजे शारजाह पहुंचेगी।

**यह रहेगा दुबई उड़ान का शेड्यूल**

- चार अप्रैल प्रत्येक गुरुवार को शाम 5.40 को दुबई से रवाना होकर 10.45 को इंदौर पहुंचेगी।
- प्रत्येक शुक्रवार को रात 12.30 बजे इंदौर से उड़ान भरकर रात 2.55 को दुबई पहुंचेगी।

## मांगो को लेकर श्रम विभाग को ज्ञापन देंगे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** दूसरों के घरों में झाड़ू, पोछा से लेकर बर्तन मांजने और कपड़े धोने आदि का कार्य करने वाली कामकाजी महिलाओ को आज भी कम वेतन और पारिश्रमिक मिल रहा है, लेकिन प्रभावी कानून के अभाव मे घरेलू कामकाजी महिलाएं कुछ नहीं कर पाती है। अतः सरकार इन महिलाओ के हितो और उनकी सुरक्षा के लिए कानून बनाये।

ये विचार एडवोकेट शीला एस के है जो उन्होंने विभिन्न बस्तियों में काम करने वाली घरेलू कामकाजी महिला कामगारो को संबोधित करते हुए कहे। एडवोकेट रुद्रपाल यादव ने कहा कि यदि सरकार हमारी आवाज को नही सुनती है तो सभी कामकाजी महिलाओ को मिलकर आंदोलन करना चाहिए और एक ज्ञापन श्रम मंत्रालय को भी देना चाहिए। सामाजिक कार्यकर्ता प्रभा यादव ने कहा कि सरकार ने कामगारो के अधिकाश अधिकारों को समाप्त कर उन्हें 4 भागो में बाट दिया और उस पर नियंत्रण मालिकों का हैं। कामगारो की मांगो पर किसी का भी ध्यान नहीं है। सरकार घरेलू कामगारो को पीएफ दे, पेंशन दे, सामाजिक सुरक्षा बीमा दे। महीने में कम से कम 4 साप्ताहिक अवकाश दे। एडवोकेट पूजा तिवारी ने कामगार महिलाओ के अधिकार बताये। सारिका श्रीवास्तव ने कहा कि हर कामगार महिला को उसके किये गए कार्य का उचित पारिश्रमिक मिलना चाहिए।

## समाजसेवी रमेश दोशी को सेवा राशि भेंट की गई

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** बीते कई वर्षो से कैंसर पीड़ितो की सेवा कर मानवता की मिसाल पेश करने वाले 80 वर्षीय समाजसेवी रमेश दोशी को सुभाषचौक मित्र मंडल द्वारा सहयोग राशि भेंट की गई। इस राशि का उपयोग कैंसर पीड़ितों की दवाई एवं उनके परिजनों को आने जाने मे लगने वाला खर्च, बच्चों की पढाई एव हर माह लगने वाले राशन खर्च मे होगा। इस मौके पर छाती एवं हृदय रोगविशेषज्ञ डॉ, रूपेश मोदी के नेत्रत्व मे रमेश दोशी का सम्मान भी किया गया। यह जानकारी संस्था के योगेन्द्र सांड ने दी। इस अवसर पर संजय नाहर ,रमेश चौकसे, अशोक पाटनी दिलीप वोरा अनिल जैन व विकास गोसावी विशेष रूप से उपस्थित थे ।

→नवश्रृंगारित अन्नपूर्णा आश्रम मंदिर का पहला वार्षिकोत्सव

## दिनभर मंगलाचरण, मातारानी के जयघोष की मंगल ध्वनि से गूंजता रहा अन्नपूर्णा आश्रम

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। नवश्रृंगारित अन्नपूर्णा आश्रम मंदिर के पहले वार्षिकोत्सव में बुधवार को मंदिर परिसर सुबह वैदिक मंगलाचरण और संध्या को ढोल-धमाकों के साथ मातारानी के जयघोष से गूंजता रहा। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने मंदिर पहुंचकर आश्रम के महामंडलेश्वर स्वामी विश्वेश्वरानंद गिरि के सान्निध्य में अभिषेक, सहस्त्रार्चन आदि अनुष्ठानों में भाग लिया।**

आश्रम परिवार के प्रमुख विनोद-नीना अग्रवाल, पवन -निधि सिंघानिया, गोपालदास मित्तल, श्याम सिंघल, भूपेश गुप्ता सहित बड़ी संख्या में भक्तों ने सबसे पहले आचार्य पंडित कल्याणदत्त शास्त्री के निर्देशन में ध्वजा पूजन की रस्म संपन्न की। बारी-बारी से ध्वज पूजन के बाद ध्वज के थाल को मस्तक पर धारण कर मातारानी को समर्पित किया गया। इस दौरान मंदिर परिसर में भक्तों का सैलाब बना रहा। शाम को हनुमत ढोल पथक दल के कलाकारों ने मंदिर परिसर में ढोल-नगाड़ों की मंगल ध्वनि कर भक्तों की ओर से हर्षनाद किया। रात में भजन गायक पं. सुरेश शर्मा काशीवाले ने अपने मनोहरी भजनों की प्रस्तुति होगी। दिनभर मंदिर में अनेक विशिष्ठजनों ने आकर पूजा-अर्चना की और मातारानी के मनोहारी दर्शनों का पुण्य लाभ उठाया।

### गुरुवार को मंदिर परिसर में मनेगा दीपोत्सव

मंदिर के संचालक स्वामी जयेंद्रानंद गिरि एवं ट्रस्टी श्याम सिंघल ने बताया कि वार्षिकोत्सव के दूसरे और अंतिम दिन 22 फरवरी को सुबह 5 बजे से मां के अभिषेक, सहस्त्रार्चन, 9 बजे से नवचंडी पाठ, शाम 6 बजे छप्पन भोग, 6.30 बजे दीपोत्सव से समूचे परिसर को हजारों दीप मालिकाओ से श्रृंगारित कर, 7 बजे आरती एवं शाम 7.30 बजे रंगारंग आतिशबाजी के बाद मंदिर परिसर में भंडारे का आयोजन होगा। आश्रम एवं मंदिर परिसर को आकर्षक लाइटिंग एवं पुष्प सज्जा से श्रृंगारित किया गया है।

कटाक्ष




©www.detectivegroupreport.com

## श्रीअन्न में किया नवाचार, इंदौर की महिला को मिला सम्मान

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** देशज खाद्यान्न के उपयोग के प्रति लोगों को जागरूक करने व सकारात्मक माहौल बनाने के उद्देश्य से सिकोईडिकोन व किसान सेवा समिति महासंघ द्वारा देशज खाद्यान्न महोत्सव का आयोजन जयपुर में किया गया। इस कार्यक्रम में इंदौर की प्रीति चौहान पंजाबी को मिलेट्स जागरूकता को लेकर काम करने पर सम्मानित किया गया। प्रीति ने कोविड संक्रमण काल के समय एक खास फूड इनोवेशन शुरू किया था, जिसमें वे लाइव श्रीअन्न के पकवान व पोषक स्नैक्स बनाती थीं। इसका असर यह हुआ कि कई लोग श्रीअन्न के प्रति जागरूक हुए और इन्हें अपने भोजन में शामिल किया। विशेष बात यह है कि प्रीति ने अन्य महिलाओं को श्रीअन्न से जो स्नैक्स बनाने सिखाए, वे तले हुए नहीं बल्कि भुने हुए रहे। इससे वे शरीर के प्रति नुकसानदेह भी नहीं रहे। बता दें कि श्रीअन्न में ज्वार, बाजरा, रागी और कुट्टू जैसे अनाजों को शामिल किया जाता है। ये ग्लूटेन फ्री होने के साथ शरीर के लिए फायदेमंद भी होते हैं।

## पेंशनरों को आयुष्मान योजना में शामिल करने की मांग

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** सेवा निवृत्त अधिकारी /कर्मचारी पेंशनर महासंघ जिला इंदौर की बैठक संपन्न हुई। सेवा निवृत्त अधिकारी /कर्मचारी पेंशनर महासंघ जिला इंदौर की बैठक संपन्न हुई बैठक में बसंत पुरोहित संरक्षक स्वामी प्रसाद शर्मा प्रदेश महामंत्री पी.एम .तिवारी क्षेत्रीय महामंत्री प्रभारी मालवा प्रांत बैठक में उपस्थित थे । विशेष रूप से मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ के संभागीय अध्यक्ष मोहन कुमार त्रिपाठी जिला अध्यक्ष शिवनारायण शर्मा सचिव राकेश कुमार वर्मा कोषाध्यक्ष हरिसिंह पाल उपस्थित रहे । बसंत पुरोहित द्वारा पेंशनों को आयुष्मान योजना में शामिल करने व मृत्यु के समय दाह संस्कार हेतु रुपए 50000 का लाभ दिए जाने के संबंध में मुख्यमंत्री से मांग कर रहे हैं एवं साथ ही महंगाई भत्ता नियमित कर्मचारियों के सामान दिए जाने हेतु मांग की गई। बैठक जिला अध्यक्ष एम.डी.0यादव सचिव नरेंद्र कुमार खोवाल कोषाध्यक्ष महेश शर्मा के नेतृत्व इंदौर जिले के साथ बुरहानपुर खंडवा खरगोन बड़वानी धार जिले के पेंशनर उपस्थित हुए । यह जानकारी सेवा निवृत्त अधिकारी/ कर्मचारी महासंघ के संभागीय अध्यक्ष जगदीश सोनी ने दी।

## महिला संग रेप

**इंदौर।** किशनगंज पुलिस ने खरगोन के एक व्यक्ति के खिलाफ रेप का मुकदमा दर्ज किया है। पीड़िता किशनगंज क्षेत्र की रहने वाली है। १५ दिन से वह लापता थी । पुलिस ने उसे बरामद किया तो उसने आरोपी पर बलात्कार करने का आरोप लगाया है । किशनगंज पुलिस के अनुसार भारत खेड़ी में रहने वाली ४३ वर्षीय एक महिला पिछले १५ दिन से लापता थी । उसके परिजनों ने उसकी गुमशुदगी दर्ज करवाई थी। पुलिस ने कल महिला को रवि पिता शिवराम निवासी ग्राम महेश्वर जिला खरगोन के पास से बरामद किया। महिला ने पुलिस को बताया कि आरोपी रवि ने उसके साथ कई बार रेप किया है?। वह उसे डरा धमका रहा था पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लिया है।

# इंदौर जिले में जल एवं तालाबों के संरक्षण के लिये शीघ्र शुरू होगा जल-हठ अभियान

## अभियान के तहत व्यापक जन सहभागिता से 51 तालाबों का होगा जीर्णोद्धार/गहरीकरण/सौंदर्यीकरण

→जल संसाधन मंत्री श्री सिलावट ने ली अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों की संयुक्त बैठक

→बैठक में अभियान को व्यापक जन भागीदारी से जन आंदोलन बनाने का लिया गया निर्णय



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** इंदौर जिले में जल संरक्षण, जल संवर्धन और वर्षा जल की उपयोगिता को बढ़ावा देने के लिए जल हठ अभियान की शुरुआत शीघ्र की जाएगी। इस अभियान के तहत व्यापक जनभागीदारी से 51 तालाबों को जीर्णोद्धार, गहरीकरण एवं उनका सौंदर्यीकरण किया जायेगा। तालाबों को अतिक्रमण मुक्त करने की कार्रवाई प्राथमिकता के साथ की जायेगी। जल-हठ अभियान से समाज के हर वर्ग को जोड़कर जन आंदोलन बनाया जायेगा। यह जानकारी आज यहां जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों की संयुक्त बैठक में दी गई।

इस बैठक में कलेक्टर श्री आशीष सिंह, ग्रामीण एसपी श्री सुनील गोयल, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती रीना सतीश मालवीय, विधायक श्री मधु वर्मा, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री सिद्धार्थ जैन, अपर कलेक्टर श्री गौरव बेनल सहित जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तथा अध्यक्ष सहित अन्य जनप्रतिनिधि आदि मौजूद थे। बैठक में जल संरचनाओं के जीर्णोद्धार और जल क्षमता को बढ़ाने के लिए चर्चा की गई। जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और विशेषज्ञों से सुझाव लिये गये तथा अभियान को जन आंदोलन के रूप में चलाये जाने का निर्णय लिया गया। इस अवसर पर मंत्री श्री सिलावट ने बताया कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी का संकल्प है कि वर्तमान समय के अनुसार सभी प्राकृतिक जल स्त्रोंतो को का संरक्षण किया जाये। जल की प्रत्येक बूंद को बचाया जाये। उनके संकल्प को पूरा करने के लिये प्राकृतिक संतुलन और पर्यावरण संरक्षण के लिए जल संचयन के लिए कार्ययोजना बनाई जा रही है। पंचायत स्तर पर स्थित 10 हेक्टेयर क्षेत्रफल से छोटे तालाबों में वर्षा का जल रोकने, जल भराव के क्षेत्रों को अतिक्रमण मुक्त करने और उनके चारों ओर की मेढ़ को व्यवस्थित करने, गहरीकरण तथा सौंदर्यीकरण के लिए जन अभियान चलाया जाएगा। इस अभियान को आंदोलन के रूप में चलाने के लिए जन भागीदारी के साथ आगे बढ़ाया जाएगा। जल हठ अभियान को प्रभावी रूप से देने के लिए प्रथम चरण में इंदौर जिले के तालाबों को गहरा कर उनके पुरातन स्वरूप में लाया जायेगा। मंत्री श्री सिलावट ने कहा की तालाब धर्म, संस्कृति एवं विकास का प्रतीक है। तालाबों को बचाना समय की जरूरत है। तालाब हमारे आस्था के स्थल है। तालाब धीरे-धीरे अपना मूल स्वरूप खो रहे है। ऐसे समय में जरूरत है कि तालाबों को बचाया जाये। भू-जल स्तर बढ़ाने के लिये भी तालाबों का संरक्षण जरूरी है। तालाब बचेंगे तो जल बचेगा। जल बचेगा तो कल बचेगा। कल बचाने के लिये आज हमे सचेत होकर जल संरक्षण के कार्य को जन आंदोलन के रूप में करना होगा। उन्होंने सभी से आग्रह किया कि आगे आकर इस अभियान से जुड़े। बैठक में कलेक्टर श्री आशीष सिंह ने कहा कि इंदौर जिले में जल-हठ अभियान को मिशन मोड में चलाया जायेगा। अभियान के अंतर्गत ऐसे कार्य किये जायेंगे जिसका प्रभाव लम्बे समय तक दिखाई दें। अभियान के तहत किये गये कार्यों का निरंतर फालोअप किया जायेगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिये कि अभियान के तहत लिये जाने वाले तालाबों की सूची जल्द ही तैयार कर कार्य शुरू कर दें। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री सिद्धार्थ जैन अभियान की रूप-रेखा का विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जल हठ अभियान को धरातल पर उतारने के लिए माइक्रो-प्लानिग के साथ काम किया जायेगा। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग इसके लिए एक मॉडल विकसित करेगा, जिसमें मनरेगा से बजट का प्रावधान कर अभियान की शुरुआत की जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश के सभी जिले के तालाबों को चिन्हित कर व्यवस्थित करने के लिए विशेष कार्य योजना बनाई जाएगी और बजट प्रावधान के साथ धरातल पर कार्य रूप में परिणित किया जाएगा। रणनीतिक रूप से एक मॉडल बनाया जाएगा और ए.बी.सी. ग्रेडिंग कर तालाबों के गहरीकरण, पेचिंग, बंधान और पौधारोपण के काम की शुरुआत की जाएगी।

तालाबों से अतिक्रमण हटाने के लिए राजस्व अमले का सहयोग लिया जायेगा। राजस्व विभाग द्वारा इन सभी तालाबों का सीमांकन किया जाएगा और जल भराव वाले क्षेत्रों को अंकित कर उनको अतिक्रमण मुक्त करने का कार्य वृहद रूप से किया जायेगा। प्रथम चरण में जिले के 51 तालाबों की जल संवर्धन तथा जल संरक्षण कार्य योजना अनुसार कार्य प्रारंभ कर 30 जून तक कार्य पूर्ण कर कर लिये जायेंगे।

# ई रिक्शा की हड़ताल के कारण यात्रियों को उठानी पड़ी परेशानी

### कलेक्टर बोले ई रिक्शा के रुट का होगा विभाजन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** ई रिक्शा को रूट दिए जाने के विरोध में शहर भर के ई रिक्शा चालक आज हड़ताल पर रहे। ई रिक्शा बंद होने से यात्रियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। उधर जिला प्रशासन ने ई रिक्शा के रुट का विभाजन करने की तैयारी कर ली है। कलेक्टर का कहना है की रुट के हिसाब से ही ई रिक्शा चलेगी। जानकारी के मुताबिक ई रिक्शा के रुट निर्धारित किए जाने के बाद से ही चालकों ने आंदोलन चला रखा है। इसी आंदोलन के चलते बुधवार को चालकों ने हड़ताल रखी। बताया गया है की हजारों की संख्या में ई रिक्शा चालक चिमन बाग मैदान में एकत्रित हुए। ई रिक्शा चालक यूनियन के अध्यक्ष राजेश बिड़कर ने कहा जब तक प्रशासन हमारी मांग नहीं मानता हम यहां डटे रहेंगे । क्या कहा कलेक्टर ने - ई रिक्शा को लेकर कलेक्टर आशीष सिंह ने कहा कि ई-रिक्शा के रूट का विभाजन जरूर किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह जरूर ध्यान रखा जाएगा की जो रिक्शा चालक जिस क्षेत्र में रहता है उसके आसपास ही रूट दिया रूट दिए जाने का प्रयास किया जाएगा।

# युवक को कर दिया घायल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** मल्हारगंज इलाके में एक बदमाश ने एक युवक को चाकू मार कर घायल कर दिया। बदमाश एक महिला से विवाद कर रहा था। राहगीर इस विवाद को देखने के लिए रुक गया था। मल्हारगंज पुलिस के अनुसार घायल युवक का नाम ललित पिता छगनलाल निवासी पीलिया खाल है। उसकी शिकायत पर आरोपी आदर्श उर्फ चन्ना पिता बिल्लू यादव और हरिओम पिता भीम सिंह निवासी पीलिया खाल के खिलाफ हमले की धाराओं सहित एससी एसटी एक्ट की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। फरियादी ने पुलिस को बताया कि वह बीती रात पीलियाखाल रोड से गुजर रहा था, इस दौरान आरोपी क्षेत्र में रहने वाली एक महिला से विवाद कर रहे थे। वह विवाद देखने के लिए रुक गया तो आरोपी उस पर नाराज हो गए। उसे अपशब्द कहे और मारपीट करने लगे। उसने विरोध किया तो आरोपी आदर्श ने उसे चाकू मारा, इतना ही नहीं बदमाश धमकाकर गए कि अगर उसने शिकायत की तो उसकी जान ले लेंगे।

## अज्ञात वाहन ने ली जान

**इंदौर।** सडक़ हादसे में एक युवक की मौत हो गई। टक्कर मारने वाले वाहन का अभी तक पता नहीं चला है। उज्जैनी गांव के रहने वाले हटेसिंह पिता लखन को सडक़ हादसे में घायल होने के चलते एमवाय अस्पताल लाया गया जंहा उसकी मौत हो गई। उसे खुड़ैल क्षेत्र में किसी वाहन ने टक्कर मार दी थी। पुलिस टक्कर मारने वाले वाहन चालक की जानकारी निकाल रही है।

### अशासकीय विद्यालयों में परिवहन व्यवस्था के संबंध में समीक्षा बैठक संपन्न

# मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री सिद्धार्थ जैन ने की समीक्षा

→अशासकीय विद्यालयों को संचालित वाहनों, चालकों आदि की जानकारी देना अनिवार्य



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री सिद्धार्थ जैन द्वारा आज कलेक्ट्रेट कार्यालय में अशासकीय विद्यालयों में परिवहन व्यवस्था के संबंध में समीक्षा बैठक ली गयी है। बैठक में अनुबंधित / गैर अनुबंधित वाहनों के संबंध में विद्यालयवार समीक्षा की गई। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री सिद्धार्थ जैन ने निर्देश दिये गये कि प्रत्येक विद्यालय अपने विद्यालय में बच्चों को लाने-ले जाने के लिए जो वाहन उपयोग किये जाते हैं, उनकी जानकारी निर्धारित प्रपत्र में एक सप्ताह के अन्दर बीआरसीसी कार्यालय में प्रस्तुत करेंगे। जिसमें चालक का नाम, मोबाईल नम्बर, वाहन का रजिस्ट्रेशन नम्बर, वाहन में आवागमन करने वाले कुल बच्चों की संख्या आदि आवश्यक जानकारी रहेगी।**

साथ ही प्रतिमाह उक्त जानकारी को अपडेट भी करेंगे। जिसमें यदि चालक या वाहन परिवर्तित होता है तो भी उक्त जानकारी अद्यतन रहे।

बैठक में जिला परियोजना समन्वयक डॉ.शांता स्वामी भार्गव, क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी श्री प्रदीप शर्मा,पुलिस विभाग के अधिकारी और विभिन्न अशासकीय विद्यालयों के प्रतिनिधि मौजूद थे।

बैठक में जिला परिवहन अधिकारी श्री प्रदीप शर्मा ने बताया कि बगैर लाइसेंस वाहन चलाए जाने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि ऐसे बच्चे जो एक बार बगैर लाइसेंस के वाहन चलाते पकड़े जाते हैं तो उनका लाइसेंस 25 वर्ष की उम्र तक नहीं बनेगा। उन्होंने बिना लाईसेंस के वाहन चलाये जाने पर की जाने वाली कार्यवाही के बारे में जानकारी दी। बताया कि बिना लायसेंस वाहन चलाने पर 25 हजार रूपये तक का जुर्माना हो सकता है। इससे वाहन का रजिस्ट्रेशन एक वर्ष के लिए निरस्त किया जा सकता है। बच्चों द्वारा वाहन चलाने पर माता-पिता (वाहन स्वामी) को तीन साल तक की जेल हो सकती है। बिना पंजीयन के और बिना फिटनेस के वाहन चलाते पाये जाने पर 2 हजार से 5 हजार रुपये तक का जुर्माना हो सकता है। बिना वैध बीमा के वाहन चलाते पाये जाने पर 1 हजार से 5 हजार रूपये तक जुर्माना हो सकता है। उक्त संबंध में ए.सी.पी. यातायात विभाग श्री तिवारी द्वारा भी यातायात के संबंध में निर्देश दिये गये व यातायात के नियमों का पालन करने की अपील की गई।

# उज्जैन में लगेगी दुनिया की पहली वैदिक घड़ी

## पीएम मोदी करेंगे मुहूर्त-पंचांग बताने वाली घड़ी का लोकार्पण

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 1 मार्च को उज्जैन में वैदिक घड़ी का वर्चुअल लोकार्पण करेंगे। यह दुनिया की पहली ऐसी डिजिटल वॉच होगी, जो इंडियन स्टैंडर्ड टाइम (आईएसटी) और ग्रीनविच मीन टाइम (जीएमटी) तो बताएगी ही, पंचांग और 30 मुहूर्त की भी जानकारी देगी। सूर्योदय - सूर्यास्त से लेकर सूर्य और चंद्र ग्रहण कब होगा? यह भी बताएगी। उज्जैन में जंतर-मंतर पर 85 फीट ऊंचे टॉवर पर इसे लगाया जाएगा। वैदिक घड़ी का एप भी लॉन्च होगा। आप इसे मोबाइल पर इंस्टॉल कर यूज कर सकेंगे।

ब्रिटिश शासन में हमारे देश के 2 टाइम जोन थे- कोलकाता और दूसरा मुंबई। बाद में आईएसटी (इंडियन स्टैंडर्ड टाइम) बना, यानी एक देश का एक ही मानक समय। हमारा जीएमटी+ 5.30 है। मतलब ग्रीनविच मीन टाइम से 5.30 घंटे आगे।

जीएमटी एक ऐसी यूनिट है, जिससे दुनिया के समय का आकलन लगाया जाता है। ग्रीनविच इंग्लैंड का एक गांव है। जीएमटी को 1884 में मान्यता दी गई थी। 1972 तक यह अंतर्राष्ट्रीय सिविल टाइम का मानक बन गया।

### अब बात वैदिक घड़ी के बारे में...

वैदिक घड़ी को लखनऊ की संस्था ह्यआरोहणह्न के आरोह श्रीवास्तव बना रहे हैं। इसमें जीएमटी के 24 घंटों को 30 मुहूर्त (घटी) में बांटा गया है। हर घटी का धार्मिक नाम और खास मतलब होगा। घड़ी में घंटे, मिनट और सेकंड वाली सुई भी रहेगी। सूर्योदय और सूर्यास्त के आधार पर यह टाइम की कैलकुलेशन करेगी। मुहूर्त गणना, पंचांग, मौसम से जुड़ी जानकारी भी हमें इस घड़ी के



जरिए मिलेगी।

### आम और डिजिटल घड़ी से अलग क्या?

वैदिक घड़ी में वैदिक समय, के साथ भारतीय काल गणना विक्रम संवत् की जानकारी मिलेगी। विक्रम संवत् पंचांग (भारतीय प्राचीन कैलेंडर) शामिल रहेगा। सूर्योदय से सूर्यास्त के साथ ग्रह, योग, भद्रा, चंद्र स्थिति, नक्षत्र, चौघड़िया, सूर्यग्रहण, चंद्रग्रहण की जानकारी देगा। अभिजीत मुहूर्त, ब्रह्म मुहूर्त, अमृत काल और मौसम से जुड़ी सभी जानकारी मिल सकेगी। घड़ी में हर घंटे बाद बैकग्राउंड में नई तस्वीर दिखेगी। द्वादश ज्योतिर्लिंग मंदिर, नवग्रह, राशि चक्र के साथ दूसरे धार्मिक स्थल भी दिखाई देंगे। देश-दुनिया के खूबसूरत सूर्यास्त, सूर्य ग्रहण के नजारे भी दिखेंगे। वैदिक घड़ी इंटरनेट और ग्लोबल पॉजिशनिंग सिस्टम से जुड़ी होगी। वैदिक घड़ी से जुड़ा मोबाइल ऐप भी लॉन्च होगा। वैदिक घड़ी के सभी फीचर इस एप में रहेंगे। उज्जैन में लगने वाली घड़ी में जो बदलाव होंगे, वो एप में भी शो होंगे। आप इसे मैन्युअल भी ऑपरेट कर सकेंगे। इसे आप प्ले स्टोर से डाउनलोड कर सकेंगे। एप को भी आरोह श्रीवास्तव डिजाइन कर रहे हैं। उनका कहना है कि इसका नाम ह्यविक्रमादित्य वैदिक घड़ीह्न होगा।

# विजयवर्गीय बोले- कमलनाथ कैसे धोखा खा गए, समझ नहीं आया

## हमारी पार्टी में उनकी जरूरत नहीं; फ्रस्टेशन में हैं कांग्रेस के नेता

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कांग्रेस नेता और पूर्व सीएम कमलनाथ को लेकर कहा कि हमने तो पहले ही कहा था कि कमलनाथ की हमारी पार्टी में कोई आवश्यकता नहीं है। उनके लिए दरवाजे बंद है। विजयवर्गीय ने कहा- कमलनाथ बहुत ही समझदार नेता हैं। इस बार कैसे धोखा खा गए। हमें भी समझ नहीं आया। विजयवर्गीय बुधवार को जबलपुर पहुंचे थे। यहां मीडिया ने उनसे कमलनाथ के भाजपा में आने की अटकलों और फिर इस मामले के ठंडा पड़ने को लेकर सवाल किया था।

मध्यप्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कांग्रेस नेता और पूर्व सीएम कमलनाथ को लेकर कहा कि हमने तो पहले ही कहा था कि कमलनाथ की



हमारी पार्टी में कोई आवश्यकता नहीं है। उनके लिए दरवाजे बंद है। विजयवर्गीय ने कहा- कमलनाथ बहुत ही समझदार नेता हैं। इस बार कैसे धोखा खा गए। हमें भी समझ नहीं आया। विजयवर्गीय बुधवार को जबलपुर पहुंचे थे। यहां मीडिया ने उनसे कमलनाथ के भाजपा में आने की अटकलों और फिर इस मामले के ठंडा पड़ने को लेकर सवाल किया था।

### पश्चिम बंगाल की घटना बहुत ही शर्मनाक

विजयवर्गीय ने कहा कि पश्चिम बंगाल की घटना बहुत ही शर्मनाक है। टीएमसी सरकार अपनी ताकत के दम पर महिलाओं का शोषण कर रही है। पश्चिम बंगाल के लोग भी केंद्र सरकार की योजनाओं के पात्र है, लेकिन टीएमसी के कारण वहां पर पात्र लोगों को भी शासन की योजना का लाभ और अनाज पट्टे नहीं मिल पा रहे हैं। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल में पुलिस, गुंडे और राजनेताओं का नेक्सेस चला रही है। ये सब सरकार के दम पर चल रहा है। दिल्ली सरकार पर तंज कसते हुए कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि दिल्ली में छोटी-छोटी बातों पर कैंडल मार्च निकालने वाले, सड़कों पर उतरने वालों को वहां जाकर देखना चाहिए कि पश्चिम बंगाल के क्या हाल है। कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि पश्चिम बंगाल में राष्ट्रपति शासन लगना चाहिए।

# ग्वालियर में महिला कार्यकर्ता पर दिग्विजय हुए नाराज

## बोले- बाहर करो इसे, पागल हो गई है; पीएम मोदी के सामने चुनाव लड़ना चाहती हैं

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**ग्वालियर।** ग्वालियर पहुंचे पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने महिला कांग्रेस नेता को पागल कहते हुए होटल से बाहर करने के लिए कहा। इसका वीडियो सामने आया है। महिला कार्यकर्ता बुधवार को राघोगढ़ (गुना) से दिग्विजय सिंह से मुलाकात के लिए पहुंची। वे वाराणसी से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सामने लोकसभा चुनाव लड़ने की जिद करने लगीं। दिग्विजय सिंह कहते हुए सुनाई दे रहे हैं, बाहर करो इसे, पागल हो गई है। बाद में महिला नेता का भी बयान आया। उन्होंने कहा, ह्यदिग्गी हमारे राजा हैं, राजनीति में यह सब होता रहता है। ग्वालियर - चंबल में राहुल गांधी न्याय यात्रा पर आ रहे हैं। वे धौलपुर (राजस्थान) से होते हुए मुरैना पहुंचेंगे। यहां से बानमोर, ग्वालियर के घाटीगांव, मोहना होते हुए शिवपुरी जाएंगे। यहां रात्रि विश्राम करेंगे। दिग्विजय सिंह इस यात्रा की तैयारियों पर बैठक लेने के लिए भोपाल से मुरैना होते हुए आज (21 फरवरी) ग्वालियर पहुंचे। ग्वालियर में बैठक से पहले होटल सेंट्रल पार्क के लोन में दिग्विजय सिंह पार्टी कार्यकताओं से मुलाकात कर रहे थे। इसी बीच डॉ. लीना शर्मा पहुंचीं। वे खुद को गुना जिला कांग्रेस की महामंत्री, राष्ट्रीय किसान कांग्रेस मंच की संस्थापक व राष्ट्रीय अध्यक्ष बताकर मिलना चाह रही थीं।

# गर्भपात की गोली खाने से प्रसूता की मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन।** ग्राम चकतिया थाना सीतामऊ निवासी एक प्रसूता ने गर्भपात की गोली खाई जिससे उसकी हालत बिगड़ गई। परिजन उसे आरडी गार्डी अस्पताल लेकर आए जहां रात में उसकी मृत्यु हो गई जबकि परिजनों का कहना है कि पथरी का दर्द उठने के कारण उसकी मृत्यु हुई है। चिमनगंज मंडी थाना पुलिस ने बताया कि शिवकन्या पति कमलसिंह आयु 24 वर्ष निवासी चकतिया थाना सीतामऊ को 5 माह का गर्भ था। पेट में दर्द की शिकायत के चलते पति कमलसिंह अन्य परिजनों के साथ उसे आरडी गार्डी अस्पताल लेकर पहुंचा,जहां रात करीब 10 बजे शिवकन्या की मृत्यु हो गई। कमलसिंह ने बताया कि पत्नी को पथरी का दर्द होने पर अस्पताल लेकर आए थे। पुलिस ने बताया कि शिवकन्या का उपचार करने वाले डॉक्टर ने पर्चे में लिखा है कि महिला ने गर्भपात की गोली खाई थी,जिसके बाद हालत बिगड़ने से उसकी मृत्यु हुई है। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव का पीएम कराया है।

# टेकरी पर युवक-युवती के शव फंदे पर लटके मिले

## पुलिस जांच में जुटी, गांव में फैली सनसनी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**बलवाड़ा।** थाना क्षेत्र के तीन टेकरी गाँव में बुधवार की सुबह एक पेड़ पर युवक और युवती का शव फंदे से लटका हुआ पाया गया। शव को देख ग्रामीणों ने इसकी सूचना तुरंत बलवाड़ा पुलिस को दी। सूचना मिलते ही बड़वाह एसडीओपी अर्चना रावत, बलवाड़ा थाना प्रभारी सीएल कटारे सहित पुलिस बल मौके पहुँचा। मौके पर पहुंचकर शव की स्थिति देखकर खरगोन फॉरेंसिक टीम को सूचना की गई। फॉरेंसिक टीम ने मौके पर आकर दोनों शवों की शिनाख्त करके, दोनों शव को पेड़ से उतारकर पोस्टमार्टम के लिए बड़वाह सिविल अस्पताल भेजा। मृतक युवती विनिता पिता गोपाल उम्र 15 वर्ष निवासी चैधरी मोहल्ला बलवाड़ा है, और युवक बसंत उर्फ अन्नू पिता बलिराम उम्र 20 वर्ष निवासी मानकर मोहल्ला बलवाड़ा है। मौत का कारण अभी अज्ञात है। बलवाड़ा पुलिस ने मार्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

# स्वच्छ भारत मिशन में मध्यप्रदेश ने परचम फहराया

**भिण्ड।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने अपने सार्वजनिक जीवन में स्वच्छता को हमेशा श्रेष्ठ स्थान पर रखा। महात्मा गांधी देश में आधुनिक तरक्की के साथ-साथ स्वच्छ भारत की कल्पना भी करते थे। महात्मा गांधी स्वच्छता को जन आंदोलन बनाना चाहते थे। उनका मानना था कि स्वच्छ भारत से ही पूरी दुनिया में भारत की अच्छी पहचान बनेगी। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने महात्मा गांधी के इस सपने को पूरा करने के लिए वर्ष 2014 से स्वच्छ भारत मिशन की शुरूआत की।

# छिंदवाड़ा में कांग्रेस के कई नेता भाजपा में शामिल

## सीएम डॉ. मोहन यादव ने दिलाई सदस्यता; कहा- कोई आज आएगा, कोई कल आएगा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**छिंदवाड़ा।** लोकसभा चुनाव से पहले कांग्रेस को फिर बड़ा झटका लगा है। छिंदवाड़ा में सीएम डॉ. मोहन यादव के मंच पर कांग्रेस के कई नेता भाजपा में शामिल हो गए। सीएम ने इन्हें भाजपा का दुपट्टा पहनाकर भाजपा में प्रवेश कराया। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव अज्जू ठाकुर, पाढुर्णा नगर पालिका अध्यक्ष संदीप घाटोडे समेत 10 कांग्रेस पदाधिकारी, 22 कार्यकर्ता और 16 सरपंच ने भाजपा का दामन थाम लिया। सीएम बोले- कई लोगों के मन डांवाडोल, आज नहीं तो कल आएंगे सीएम ने कहा- छिंदवाड़ा जो प्रेम लुटा रहा है। जो हवा बह कर आ रही है। वह अपने आप में संकेत दे रही है। मैं आपको एडवांस में बधाई देता हूं। इस बार हनुमान जी की गदा घूमेगी और विजय भी हासिल करेगी भाजपा के पक्ष में। इसे कोई ताकत नहीं रोक सकती। सीएम ने कहा कि कई लोगों के मन डांवाडोल हो रहे हैं। आज नहीं तो कल हमारे परिवार में शामिल होंगे। कोई आज आएगा, कोई कल आएगा। आने वाले का स्वागत, क्योंकि भारत की सेवा करना है।

**जेसीबी से सीएम पर बरसाए फूल** छिंदवाड़ा पहुंचे सीएम डॉ. मोहन यादव का जोरदार स्वागत किया गया। सीएम ने चंदन गांव से आयोजन स्थल पोलो ग्राउंड तक रोड शो किया। इस दौरान जगह जगह उनका स्वागत किया गया। चंदन गांव में भाजपा कार्यकर्ता जेसीबी के ऊपर खड़े होकर फूल बरसाते नजर आए।

इस बार जल्द आएगी लाड़ली बहना की राशि

इससे पहले मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव बुधवार को बालाघाट के दौरे पर रहे। यहां सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा- इस बार होली और महाशिवरात्रि के कारण लाड़ली बहनों के बैंक खातों में राशि 1 मार्च को आएगी। मुख्यमंत्री ने रेंजर कॉलेज मैदान में सभा को संबोधित करते कहा कि भाजपा सरकार ने लाड़ली लक्ष्मी, लाड़ली बहना और कन्यादान योजनाएं चलाईं। विपक्षी नेता पूछते थे कि इन योजनाओं के लिए पैसा कहां से लाओगे लेकिन हमने इसका प्रबंध किया।

Paschim Bangal

# देवी दुर्गा की सवारी है शेर, पूजा होती है, शेरनी के नामकरण पर विवाद में बोला हाई कोर्ट

**कोलकाता, (एजेंसी)** कलकत्ता हाईकोर्ट ने बुधवार को सिलीगुड़ी के सफारी पार्क में एक शेरनी का नाम 'सीता' रखे जाने के खिलाफ विश्व हिंदू परिषद (वीएचपी) की याचिका पर सुनवाई की। वीएचपी ने आरोप लगाया था कि, "विश्व हिंदू परिषद को इस बात की गहरी पीड़ा हुई है कि बिल्ली प्रजाति का नाम भगवान राम की पत्नी "सीता" के नाम पर रखा गया है। सीता दुनिया भर के सभी हिंदुओं के लिए पवित्र देवी हैं। याचिका में कहा गया है कि ऐसा कृत्य ईशनिंदा के समान है और सभी हिंदुओं की धार्मिक आस्था पर सीधा हमला है।'' याचिका पर जस्टिस सौगत भट्टाचार्य की एकल पीठ ने सुनवाई की। सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ताओं ने



तर्क दिया कि वे कोर्ट से यह निर्देश देने के लिए प्रार्थना कर रहे हैं कि किसी भी जानवर का नाम किसी देवता के नाम पर नहीं रखा जाए। वीएचपी ने कहा कि उसे इस बात की आशंका है कि अगर यह ट्रेंड स्थापित हो गया तो आगे चलकर किसी गधे का नाम किसी देवता के नाम पर रखा जाने लगेगा। याचिका पर सुनवाई करते हुए पीठ ने शेर को देवी दुर्गा की सवारी को रूप में संदर्भित किया। कोर्ट ने कहा, 'जानवरों का नाम स्नेह से रखा जा सकता है। हम दुर्गा पूजा के दौरान शेरों की पूजा करते हैं। यह व्यक्ति की सोच पर निर्भर करता है। क्या हम बिना सिंह के दुर्गा की कल्पना कर सकते हैं?" याचिकाकर्ता के वकील ने तर्क दिया कि शेर के देवी दुर्गा के चरणों में होने का एकमात्र कारण यह था कि उसका उद्देश्य हर तरफ से बुराई पर हमला करना था और शेर को कोई नाम नहीं दिया गया था।

P. Bangal

## लेस्बियन मां, सहेली से संबंध और मासूम बेटे का कत्ल...

### इस खौफनाक हत्याकांड की वजह दिल दहला देगी!



**कोलकाता, (एजेंसी)** बंगाल की राजधानी कोलकाता से करीब 17 किलोमीटर दूर हुगली जिले का उत्तरपाड़ा इलाका है. यहां के कोननगर में रविवार 18 फरवरी की शाम को अचानक एक मकान से चीखने-चिल्लाने की आवाजें आती हैं. पता चलता है कि चौथी क्लास में पढ़ने वाले महज 10 साल के एक छोटे से बच्चे का किसी ने कत्ल कर दिया है. कत्ल भी ऐसे-वैसे नहीं बल्कि ईंट और दूसरी भारी चीजों से उसके सिर पर वार कर, हाथ की नसें काट और चाकू मार कर. घटना के बाद घरवाले सदमे में आ गए.

हत्या की सूचना मिलते ही उत्तरपाड़ा की पुलिस मौका-ए-वारदात पर पहुंची. पुलिस के साथ-साथ सीन ऑफ क्राइम के मुआयने और एविडेंस कलेक्शन के लिए फॉरेंसिक एक्सपर्ट्स की एक टीम भी आई. आनन-फानन में मामले की तफ्तीश शुरू की. लेकिन किसी को भी ये बात समझ में नहीं आती कि आखिर इतने छोटे से बच्चे की हत्या के पीछे कौन-सी वजह हो सकती है? कातिल ने श्रेयांशु की हत्या तब की थी, जब घर में कोई और नहीं था. श्रेयांशु के मम्मी-पापा दोनों वर्किंग हैं. इत्तेफाक से वारदात के वक्त दोनों घर से बाहर थे, जबकि घर के दूसरे सदस्य भी बस कुछ देर के लिए बाहर गए थे. इसी बीच कातिल ने घर पर धावा बोलकर श्रेयांशु की जान ले ली.

Uttarpradesh

## चोरी करना था कार, पर नींद हो गई सवार, गाड़ी में सोते हुए पकड़ा गया चोर

**फरीदाबाद, (एजेंसी)** फरीदाबाद में कार चोरी करने आया एक चोर नींद की वजह से पकड़ा गया। एक स्कूल वैन को चोरी करने के लिए वह पूरा इंतजाम कर चुका था। लॉक तोड़कर ड्राइविंग सीट तक पहुंच गया था। लेकिन ऐन वक्त उसे ऐसी नींद लगी कि वहीं सो गया। सुबह वैन मालिक जब आया तो उसने सोते हुए चोर को पकड़ लिया। मामला फरीदाबाद के कल्याणपुरी का है। यहां एक घर के बाहर खड़ी वैन के गेट का लॉक तोड़कर चोर अंदर दाखिल हो गया। लेकिन इससे पहले की वह कार को स्टार्ट करता और कहीं ले जाता उसकी आंखों पर इस कदर नींद हावी हुआ कि वह वहीं सो गया। सुबह वैन मालिक ने उसे देखा तो पकड़ लिया और पुलिस के हवाले किया। पुलिस के अनुसार कल्याणपुरी में रहने वाला रवि ने स्कूल के लिए वैन चलाता है। वह बच्चों को रोज स्कूल से लेकर आता-जाता है। रात को वैन घर के सामने खड़ी की थी। सुबह जब वह वैन लेकर जाने की तैयारी कर रहा था तो अंदर देखा एक युवक को सीट पर लेटा देखा।

Bihar

## कोर्ट परिसर में चाकूबाजी... जीजा ने साले पर किया अटैक, मच गई अफरा-तफरी

**छपरा, (एजेंसी)** छपरा व्यवहार न्यायालय में ACJM 11 के न्यायालय कक्ष के बाहर चाकूबाजी हो गई. इसमें में एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया, दूसरे व्यक्ति को भी चोट आई है. इस घटना के बाद अफरातफरी मच गई. मौके पर मौजूद एक वकील ने टाउन थाने को मामले की सूचना दी. इसी बीच एक आरोपी को लोगों ने पकड़ लिया, जबकि अन्य 3 आरोपी भाग गए. सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायल उमेश नाम के व्यक्ति को अस्पताल पहुंचाया. पीड़ित उमेश ने बताया कि जिसने चाकू से हमला किया, वो मेरा रिश्तेदार है. हम दोनों के बीच साले-बहनोई का रिश्ता है. आरोपी चंद्रभूषण मेरा बहनोई है. उसने मुझसे 4 लाख 20 हजार रुपये कर्ज लिया था. चंद्रभूषण इसी कोर्ट में नाजायज तरीके से क्लर्क के रूप में काम करता



है. उससे जब भी मैं अपने रुपये मांगता हूं, तो वो आनाकानी करता है. उमेश ने कहा कि रुपयों के लेनदेन के मामले में मेरा एक केस ACJM 11 के न्यायालय में चल रहा है. आज केस की तारीख थी. इसी दौरान चंद्रभूषण और अन्य ने मुझे मिलकर मारा. इसके बाद हम लोग जिला जज के पास शिकायत करने गए तो उन्होंने लिखित आवेदन की मांग की.

खेल

# भारतीय महिला टीम विश्व चैंपियनशिप के नॉकआउट दौर में, पुरुषों ने न्यूजीलैंड को हराया

**नई दिल्ली।** भारतीय महिला और पुरुष टेबल टेनिस टीम ने विश्व टेबल टेनिस टीम चैंपियनशिप के अपने आखिरी ग्रुप मुकाबले में जीत के साथ नॉकआउट चरण में जगह पक्की की। महिला टीम ने जहां, स्पेन के खिलाफ शानदार वापसी करते हुए 3-2 से मुकाबला जीता। वहीं, पुरुष टीम ने न्यूजीलैंड को 3-0 से हराया। भारतीय महिला टीम को स्पेन से कड़ी टक्कर मिली। श्रीजा अकुला और मनिका बत्रा के शुरुआती दोनों मैचों में हारने के बाद अयहिका मुखर्जी ने जीत के साथ भारत की मुकाबले में वापसी कराई। इसके बाद श्रीजा और मनिका चौथे और पांचवें मैच को जीतने में सफल रहे।

श्रीजा शुरुआती एकल में मारिया जियाओ से 9-11, 11-9, 11-13, 4-11 से हार गईं। सोफिया-जुआन झांग ने भारत की शीर्ष रैंक वाली खिलाड़ी मनिका पर 13-11,6-



11,8-11,11-9,11-7 से जीत के साथ स्पेन का स्कोर 2-0 कर दिया। अयहिका ने तीसरे एकल में एल्विरा रेड को 11-8, 11-13, 11-8, 9-11, 11-4 से हराकर भारत को मुकाबले में बनाए रखा। इसके बाद मनिका ने चौथे एकल में मारिया को 11-9, 11-2, 11-4 से हराकर स्कोर 2-2 कर दिया। श्रीजा ने निर्णायक मैच में झांग पर 11-6, 11-13, 11-6, 11-3 से जीत दर्ज कर भारत को सफलता दिलाई।

### ओलंपिक टिकट के लिए चाहिए दो जीत

भारत चार मैचों में तीन जीत के साथ ग्रुप एक में दूसरे स्थान पर रहा। इस ग्रुप में चीन शीर्ष स्थान पर रहा। भारत को ग्रुप चरण में एकमात्र हार चीन से मिली। चीन के खिलाफ अयहिका और श्रीजा ने विश्व की नंबर एक और नंबर दो खिलाड़ी क्रमशः सुन यिंगसा और वांग यिदि को हराया था। इस स्पर्धा में 40 टीमों में से भारत नॉकआउट में जगह बनाने वाली 32 टीमों में शामिल है। प्रतियोगिता के क्वार्टर फाइनल में पहुंचने वाली टीमें पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालिफाई कर लेंगी। ओलंपिक टिकट के लिए भारतीय महिला टीम को लगातार दो जीत दर्ज करनी होगी।

### मानुष ने दो गेम हारने के बाद की वापसी

पुरुष वर्ग में गत राष्ट्रीय चैंपियन हरमीत देसाई ने चोई टिमोथी को 11-5, 11-1, 11-6 से तो साथियान ने डेला को 11-3, 11-7, 11-6 से हराया। उसके बाद मानुष शाह ने दो गेम हारने के बाद मैक्सवेल हेंडरसन को 10-12, 6-11, 11-4, 11-8, 11-6 से हराया। भारतीय पुरुष टीम ग्रुप-3 में दक्षिण कोरिया और पोलैंड के बाद तीसरे स्थान पर रही।

सिनेमा

## रकुल प्रीत सिंह ने मांग में भरा जैकी भगनानी के नाम का सिंदूर



रकुल प्रीत सिंह और जैकी भगनानी की शादी आखिरकार हो गई है. अब दोनों एक दूसरे के हो चुके हैं. कपल ने गोवा में इंटीमेट सेरेमनी में शादी रचाई. इस शादी में दोनों के परिवार संग रिश्तेदार और इंडस्ट्री के करीबी दोस्त शामिल हुए. धूमधाम से हुई इस ग्रैंड वेडिंग से कपल के पहले फोटो सामने आ गए हैं.

रकुल और जैकी काफी लंबे वक्त से एक दूसरे के साथ रिश्ते में थे. दोनों को अक्सर डेट्स पर जाते और इवेंट्स में साथ शिरकत करते देखा जाता था. अब दोनों ने अपने रिश्ते को नया नाम दे दिया है. दोनों अब मिस्टर और मिसेज बन गए हैं. रकुल और जैकी की शादी इंटीमेट सेरेमनी में धूमधाम से हुई. शादी से सामने आई तस्वीरों में दोनों ट्रेडिशनल आउटफिट में कमाल लग रहे हैं.

कपल की फर्स्ट फोटोज से साफ है कि ये शादी रॉयल अंदाज में की गई है. रकुल प्रीत सिंह और जैकी भगनानी की शादी पंजाबी और सिंधी रीति-रिवाजों से हुई है. दोनों की आनंद करज और सिंधी सेरेमनी देखने लायक थी. सेरेमनी पूरी होने के बाद कपल पैपराजी से भी रूबरू हुआ.

## संपादकीय

### यह प्रवृत्ति समाज के लिए घातक

पिछले कुछ समय से स्कूली बच्चों में बढ़ती हिंसा की प्रवृत्ति निश्चित रूप से चिंताजनक है। जिस उम्र में बच्चों को पढ़ाई-लिखाई और खेलकूद में व्यस्त रहना चाहिए, उसमें उनमें बढ़ती आक्रामकता एक अस्वाभाविक और परेशान करने वाली बात है। कई घटनाओं में स्कूल में पढ़ने वाले किसी बच्चे ने अपने सहपाठी पर चाकू या किसी घातक हथियार से हमला कर दिया और उसकी जान ले ली। इस संदर्भ में सवाल उठे कि आखिर वे बच्चे अपने साथ कोई घातक चीज लेकर कैसे स्कूल आ गए। क्या बच्चों के थैले या बस्ते की जांच का कोई नियम नहीं है? इसी के मद्देनजर दिल्ली सरकार के शिक्षा निदेशालय ने स्कूलों को आदेश दिया है कि विद्यार्थियों के बस्ते की औचक जांच करने के लिए एक समिति बनाई जाए। साथ ही यह भी सुनिश्चित किया जाए कि विद्यार्थियों के पास ऐसी कोई सामग्री न हो, जिसका उपयोग किसी को नुकसान पहुंचाने के लिए किया जा सके। जाहिर है, इस व्यवस्था के पीछे सरकार की मंशा विद्यार्थियों के लिए सुरक्षित माहौल बनाना है, ताकि उनके बीच कोई मामूली विवाद जानलेवा हमले में न तब्दील हो जाए। अगर किसी छात्र के पास कोई हथियार नहीं रहेगा, तब गंभीर हिंसा की स्थिति नहीं बनेगी और आपसी विवाद को सुलझाने की गुंजाइश बनी रहेगी। मगर सवाल है कि जिन वजहों से बच्चों के भीतर आक्रामकता पैदा हो रही है, उससे निपटने के लिए क्या किया जा रहा है! पाठ्यक्रमों का स्वरूप, पढ़ाई-लिखाई के तौर-तरीके, बच्चों के साथ घर से लेकर स्कूलों में हो रहा व्यवहार, उनकी रोजमर्रा की गतिविधियों का दायरा, संगति, सोशल मीडिया या टीवी से लेकर उसकी सोच-समझ को प्रभावित करने वाले अन्य कारकों से तैयार होने वाली उनकी मन:स्थितियों के बारे में सरकार के पास क्या योजना है? बच्चों के व्यवहार और उनके भीतर घर करती प्रवृत्तियों पर मनोवैज्ञानिक पहलू से विचार किए बिना समस्या को कैसे दूर किया जा सकेगा? बच्चों के बस्ते की औचक जांच की व्यवस्था की अपनी अहमियत हो सकती है। मगर जरूरत इस बात की है कि बच्चों के भीतर बढ़ती हिंसा और आक्रामकता के कारणों को दूर करने को लेकर काम किया जाए।

**अर्ज़ किया है..!**

*दुनिया में हूँ दुनिया का*
*तलबगार नहीं हूँ*
*बाज़ार से गुज़रा हूँ*
*ख़रीदार नहीं हूँ*

*-अकबर इलाहाबादी*



MORARI BAPU

**कर्म से छुटकारा पाना मुश्किल है।**

सत्य-प्रेम-करुणा...

साभार - Chitrakutdham Talgajarda

**धर्म-कर्म**

# सौभाग्य योग संग गुरु पुष्य योग का दुर्लभ संयोग

## इन उपायों से पाएंगे समृद्धि और धन

आज गुरु पुष्य योग का दुर्लभ संयोग बन रहा है, इस पर सौभाग्य योग का भी साथ बन रहा है, जो बेहद ही लाभप्रद रहने वाला है। ज्योतिष शास्त्र के अनुसार, गुरुवार के दिन जब पुष्य नक्षत्र पड़ता है, तब गुरु पुष्य योग का शुभ संयोग बनता है। इस योग का गुरु पुष्य अमृत योग भी कहा जाता है क्योंकि इस योग में किया गया कोई भी कार्य हमेशा सफल और शुभता में वृद्धि करता है। ज्योतिष में इस योग का महत्व बताते हुए कुछ विशेष उपाय भी बताए गए हैं, इन उपायों के करने से जीवन में सुख समृद्धि आती है और भगवान विष्णु व माता लक्ष्मी की कृपा प्राप्त होती है। आइए जानते हैं आज बन रहे गुरु पुष्य योग में समृद्धि और धन के लिए कौन से उपाय करें...



### इस उपाय से मनोकामना होगी पूरी

ज्योतिष शास्त्र के अनुसार, गुरु पुष्य योग में पीपल की पूजा करने के बाद विष्णु सहस्त्रनाम के साथ नारायण कवच का पाठ करना बेहद उत्तम माना गया है। इनका पाठ करने से सुख समृद्धि में वृद्धि में होती है और धन प्राप्ति के नए नए मार्ग भी बनते हैं। मान्यता है कि शुभ योग में इनका पाठ करने से सभी मनोकामनाएं भी पूरी होती हैं।

### इस उपाय से माता लक्ष्मी होंगी प्रसन्न

गुरु पुष्य योग बेहद प्रभावशाली योग होता है और इस योग में व्रत रखकर भगवान विष्णु और माता लक्ष्मी की विधिवत रूप से पूजा करनी चाहिए। साथ ही लक्ष्मीजी को कमलगट्टा अर्पित करें और कनकधारा स्त्रोत का पाठ करें। ऐसा करने से भगवान विष्णु और माता लक्ष्मी का आशीर्वाद प्राप्त होगा और धन संबंधित समस्याओं का अंत होगा।

### इस उपाय से गुरु होंगे मजबूत

ज्ञान, धन, भाग्य, ऐश्वर्य, सम्मान आदि के कारक ग्रह गुरु की अगर कुंडली में स्थिति मजबूत नहीं होती है तो पुखराज रत्न धारण करना चाहिए। अगर पुखराज रत्न धारण नहीं कर सकते हैं तो केले की जड़ को पीले रंग के कपड़े में लपेटकर सीधे हाथ की बाजू में धारण कर लें। ऐसा करने से कुंडली में गुरु ग्रह की स्थिति मजबूत होगी और आपकी सभी समस्याएं धीरे धीरे दूर हो जाएंगी।

### इस उपाय से अटका धन होगा प्राप्त

अगर आपका धन कहीं अटका हुआ है तो वापस मिलने में परेशानी आ रही है तो गुरु पुष्य योग में घर के बाहर स्वास्तिक बनाएं और पास के मंदिर में जाकर दक्षिणावर्ती शंख की पूजा अर्चना करें। स्वास्तिक और दक्षिणावर्ती शंख की पूजा करने से अटके धन की प्राप्ति होगी और परिवार में सुख शांति रहेगी।

### इस उपाय से सौभाग्य में होगी वृद्धि

गुरु पुष्य योग में किताबों का दान करना बेहद उत्तम माना गया है। शुभ योग गरीब व जरूरतमंद बच्चों को किताबों का दान करने से गुरु ग्रह के साथ बुध ग्रह की स्थिति भी मजबूत होती है, जिससे ज्ञान, सम्मान और सौभाग्य में वृद्धि होती है और सभी तरह के कष्टों से मुक्ति मिलती है।

**नोट : यह तमाम जानकारी जनरुचि को ध्यान में रखकर दी जा रही है, ज्योतिष और धर्म के उपाय और सलाहों को अपनी आस्था और विश्वास पर आजमाएं। कंटेंट का उद्देश्य मात्र आपको बेहतर सलाह देना है। इस संदर्भ में हम किसी प्रकार का कोई दावा नहीं करते हैं।**




1. Assam CM extends birthday wishes to Mizoram CM Pu Lalduhoma
2. What is the 'Blue Aadhaar Card' for young kids?
3. Rahul Gandhi Faces Heat For 'Demeaning' Remarks On Aishwarya Rai
4. Farmers halt 'Dilli Chalo' march, condemn centre's action
5. Rajnath Singh's odisha cluster tour: Public meeting in Mayurbhanj
6. Modi Govt raises sugarcane purchase price: Dharmendra Pradhan

# India to be world's 3rd largest economy by 2027 with $5 trillion GDP: Jefferies

**NEW DEIHI, (Agency).** Global brokerage Jefferies said India will be the third largest economy by 2027 owing to consistent GDP growth, flanked by supportive geopolitics and surging market capitalisation. Continued reforms and better corporate culture will also aid this push, Jefferies noted as India has been growing at at 10-12 per cent in USD terms over the last 10 and 20 years. The market cap will likely touch $10 trillion by 2030, Jefferies said.



Mahesh Nandurkar, India Equity analyst at Jefferies said, "Over the last 10 years, India's GDP has grown by 7 percent CAGR in USD terms to $3.6 trillion - jumping from the eighth largest to the fifth largest economy. Over the next 4 years, India's GDP will likely touch $5 trillion making it the third largest economy by 2027, overtaking Japan and Germany, being the fastest growing large economy with the tailwinds of demographics (consistent labour supply), improving institutional strength and improvement in Governance."

"Continued reforms should maintain India's fastest growing large economy status. Strong trends in domestic flows have reduced market volatility and decadal low foreign ownership offers valuation cushion. RoE-focused corporate sector with 167 companies having more than $5 billion market cap leave ample choices to investors," he added, citing several reasons.

Reforms in India: GST implementation, simplified taxation and improved trade efficiencies will help in cleaning up of corporate and banking sector balance sheets and improving governance, the brokerage noted.

Surge in market cap: India's market cap is currently fifth largest globally at $4.5 trillion but India's weight in global indices is still low as it is ranked 10th at 1.6 per cent. This will change as market free float rises, Jefferies noted.

Global geopolitics: India's relations with other countries have been improving which could help the economy to grow as well, as per Jefferies.

# Boost in businesses: Lord Ram helping us lead better life, say Ayodhya residents

**NEW DEIHI, (Agency).** Deepak Pandey, a daily wager in Ayodhya, was planning to move to another city searching for a job a few years ago. He now plans to buy land in this Uttar Pradesh district and build a new home.

Pandey lauds Lord Ram for the change in his financial situation that has been boosted further following the consecration ceremony of the Ram temple here last month.

The 48-year-old lives in a three-room house in one of the alleys leading up to Ram Path, the main route for the devotees visiting the temple.

"I used to rent out one of the rooms for ₹3,000 per month. Since the consecration ceremony, I have been renting it out for the same amount per day," Pandey said, adding that he has hosted a new guest almost every day this month.

Since the consecration ceremony on January 22, almost one lakh devotees have been visiting this Hindu holy town in Uttar Pradesh on a daily basis, according to the local administration. A huge number of these devotees come from outside the state.

Like Pandey, the owners of almost every house in the alley have refurbished at least one room in their houses to offer to tourists as a homestay facility.

Pramesh Pandey stands at the entrance of an alley, asking devotees if they need a room to stay. "I have six rooms in three-four different buildings. I offer a room for ₹1,400 to ₹3,000 per day, depending on the rush of visitors," he said.

Most of the residents of the alley do odd jobs or sell items that the devotees offer at the temple.

# ब्रांडेड कंपनी के नाम से बेच रहे थे नकली कपड़े

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। तीन आरोपी ब्रांडेड कंपनी के नाम से जींस व टीशर्ट बेच रहे थे। जब इसकी सूचना क्राइम ब्रांच की टीम को लगी तो सदरबाजार पुलिस के साथ संयुक्त कार्रवाई करते हुए कपड़े की दुकान में दबिश देकर वंहा से तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके पास से ढाई हजार से ज्यादा जींस व टी शर्ट बरामद किए है।**



इन कपड़ों पर नामी कंपनियों के फर्जी लेबल लगाकर लोगों के साथ धोखा किया जा रहा था। गिरफ्त में आए बदमाशों पर कापी राइट एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है। क्राइम डीसीपी राजेश दंडोतिया ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली थी कि सदरबाजार थाना क्षेत्र में स्थित एक दुकान से ब्रांडेड कंपनियों की कापी कर नकली माल बेचा जा रहा है। क्राइम ब्रांच ने मुखबिर द्वारा बताए गए स्थान तिलकपथ पर दबिश दी और वहां से राजकुमार पिता जयकिशन झवर निवसी सीता श्री रेजिडेंसी एयरपोर्ट रोड, श्रीकांत सोनी निवासी बीमा अस्पताल और पुरूषोत्तम पिता नारायण सोलंकी निवासी महेश यादव नगर को गिरफ्तार किया। इनसे अलग-अलग ब्रांडेड कंपनी की सील लगे कपड़े बरामद किए गए हैं। पुलिस ने आरोपियों से ब्रांडेड कंपनी के नकली लेबल वाले ढाई हजार से ज्यादा जींस-टी शर्ट बरामद किए हैं। आरोपियों से पूछताछ कर पता लगाया जा रहा है कि वे ये नकली लेबल लगाकर घटिया कपड़े कब से बेच रहे थे।

# एयरपोर्ट पर यात्री की शराब चोरी, केस दर्ज

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** इंदौर एयरपोर्ट पर आए एक यात्री की शराब चोरी हो गई। उसने शराब चोरी का केस भी दर्ज कराया है। यात्री का कहना है कि सामान चेक करने के लिए दिया तो दो बॉटल गायब होने की जानकारी लगी। पुलिस ने केस दर्ज कर एयरपोर्ट ऑथॉरिटी से सीसीटीवी फुटेज भी मांगे हैं।

एरोड्रम थाना पुलिस का कहना है कि यात्री का नाम जगदीश मनसुखानी है। वह जय बिल्डर्स साकेत नगर का रहने वाला है। 3 फरवरी को शारजहां (यूएई) से इंदौर एरपोर्ट पहुंचे थे। उन्होंने बताया है कि फ्लाइट से उतरने के बाद बैग की इमिग्रेशन व कस्टम चेंकिग की गई। चेंकिग के बाद जब उन्हें बैग मिला तो दो बॉटल शराब गायब थी। एरोड्रम पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक जगदीश अपना बैग घर पर चेक किया। शराब नहीं मिली तो एयरपोर्ट ऑथॉरिटी से भी बात की। इस मामले में एयरपोर्ट ऑथॉरिटी ने कैमरे चेक किए। एक व्यक्ति बैग से शराब की बॉटल ले जाते दिखा है। जगदीश ने शिकायत में तीन बॉटल लेकर आने की बात कही है। एक उसके बैग में मिल गई है।

## जांच के बाद लाइसेंस रद्द

इंदौर। हरदा पटाखा फैक्ट्री कांड के बाद तहसील में भी पटाखा फैक्ट्री, दुकान और गोदामों की जांच की गई थी। इस जांच में कुछ फैक्ट्री व गोदाम मालिकों द्वारा शासन द्वारा दिए गए विस्फोटक अधिनियम 1884 एवं विस्फोटक नियम 2008 के तहत दिए गए लाइसेंस की शर्तों का उल्लंघन करना पाया गया। जिसके तहत कलेक्टर द्वारा तहसील के तीन गोदाम व फैक्ट्री के लाइसेंस रद्द किए गए हैं।

## चाकूबाजी में युवक घायल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। चंदननगर इलाके में चाकूबाजी में एक युवक घायल हो गया। पुलिस के मुताबिक चाकूबाजी की वारदात गीता नगर में सत्री गार्डन वाली गली में हुई। घायल युवक का नाम अनस पिता मोहम्मद रफीक निवासी अम्मार नगर है। उसकी रिपोर्ट पर आरोपी आवेश खान निवासी स्कीम नंबर 71 डी सेक्टर के खिलाफ केस दर्ज किया गया। अनस ने पुलिस को बताया कि मैं अपने दोस्त हासिम पिता अब्दुल हनीफ के साथ सत्री गार्डन वाली गली में था। उसी दौरान आरोपी आवेश मेरे पास आया और बोला कि क्यों रे तू आजकल बहुत ज्यादा तेज चल रहा है। ये कहते हुए चाकू से हमला किया और फरार हो गया। पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है।

## जहर खाने वाले किसान ने दम तोड़ा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। देपालपुर के पास शिवगढ़ में रहने वाले एक किसान ने जहर खा लिया। 21 दिन तक उसका इंदौर में अलग अलग अस्पतालों में इलाज चला। बुधवार को किसान ने दम तोड़ दिया। गुरूवार को संयोगितागंज पुलिस पोस्टमार्टम के लिए शव को भेज दिया है।**

संयोगितागंज पुलिस के मुताबिक मृतक विक्रम डोडिया 42 साल का था। वह शिवगढ़ का रहने वाला था। 31 जनवरी की शाम जहर खा लिया। तब उसे इंदौर के सुयोग अस्पताल में भर्ती कराया गया था। यहां 15 दिन तक उनकी हालत में कोई सुधार नहीं आया। विक्रम को फिर एमवाय अस्पताल में भर्ती कराया गया। बुधवार रात उसने यहां दम तोड़ दिया। विक्रम के परिवार में दो बड़े भाई हैं जो नजदीक के मकान में रहते हैं। घर में 13 साल की बेटी और पत्नी रहती है। विक्रम के सुसाइड को लेकर कारण स्प्ष्ट नहीं हो पाया है। मामले में जांच की जा रही है।

इसी प्रकार लसूडिया इलाके में रहने वाले 35 साल के युवक ने फांसी लगाकर जान दे दी। लसूडिया पुलिस के मुताबिक स्कीम नंबर 78 में रहने वाले तिलक पुत्र लिंगो यादव ने रात में अपने कमरे पर फांसी लगा ली। परिचित ने देखने के बाद देर रात पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को एमवाय भेजा है।

## कार वालों ने की मारपीट

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** जूनी इंदौर इलाके में गाड़ी ठीक से नहीं चलाने की बात पर एक कार चालक व साथी ने पैदल यात्री के साथ मारपीट कर दी। पुलिस ने घायल की रिपोर्ट पर आरोपी चालक के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस के मुताबिक विवाद मालवा कन्या विद्यालय के सामे आम रोड पर हुआ। फरियादी वकार पिता मेहबूब हुसैन निवासी सिकंदराबाद कालोनी की रिपोर्ट पर कार क्रमांक एमपी 09 डब्ल्यूएल 0018 के चालक और उसके साथी पर केस दर्ज किया गया। फरियादी ने बताया कि आरोपी कार चालक ने लापरवाहीपूर्वक गाड़ी चलाई और मेरे पास से निकला। मैंने कहा कि कैसे गाड़ी चलाते हो तब उसने अपनी कार रोकी और बाहर निकालकर गालियां दीं। मैंने गाली देने से मना किया तो उसने मुझे लात घूसों से पीटा। उसके साथी आए और उन्होंने भी मारपीट की और जान से मारने की धमकी देकर चले गए। इधरक थाना संयोगितागंज पुलिस ने भी फरियादी विकास वर्मा निवासी छोटा बागंड़दा रोड की रिपोर्ट पर कार एमपी 09 सीजी 0856 के चालक पर केस दर्ज किया। घटना गीता भवन चौराहा पर हुई। आरोपी वाहन चालक ने गाड़ी लापरवाहीपूर्वक चलाकर फरियादी को टक्कर मारी विरोध करने पर मारपीट की।

## दो चोर पकड़ाए 9 गाड़ियां जब्त

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** लगातार हो रही वाहन चोरी के मामले में भंवरकुआं पुलिस ने सीसीटीवी के आधार पर दो चोरों को पकड़ा है। आरोपियों के पास से चोरी के 9 गाडियां मिली है। उन्होंने यह गाडिया अन्य थाना इलाकों से भी चुराई थी। पुलिस मामले में जांच कर रही है। टीआई राजकुमार यादव के मुताबिक पकड़ाए आरोपियों के नाम कपिल सोनी निवासी खातेगांव, प्रभु जाट निवासी राजस्थान है। आरोपी इंदौर में किराए से रहते हैं। दोनों महंगी लाईफ स्टाईल के शौकीन हैं। इसीलिए गाड़ी चुराते थे। गलफ्रेंड पर भी रूपये खर्च करते थे। पुलिस ने मामले में आरोपियों से अभी तक 9 गाडियां जब्त की है। अन्य वारदातों को लेकर पूछताछ की जा रही है।

## मां-बेटे पर हमला

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** बडगोंदा क्षेत्र में एक गांव में विवाद के चलते एक परिवार ने मां बेटे पर डंडे और तलवार से जानलेवा हमला कर घायल कर दिया। पुलिस के मुताबिक घटना ग्राम मलेंडी में हुई। घायल का नाम अरूण बनारसी और मां नथिया बाई है। पुलिस ने फरियादी रवि बनारसी निवासी ग्राम मलेडी की रिपोर्ट पर आरोपी योगेंद्र बोरासी, सूरज,राकेश,नानूराम और भागीरथ के खिलाफ केस दर्ज किया है।

## घर में घुसकर लूटी अस्मत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। आरोपी ने घर में घुसकर महिला को धमकाया और दुष्कर्म कर भाग गया। किशनगंज पुलिस के मुताबिक 43 वर्षीय पीडिता के साथ घटना 7 फरवरी को ग्राम भाटखेड़ी में हुई। उसकी रिपोर्ट पर आरोपी रवि पिता शिवराम निवासी ग्राम उर्वय, महेश्वर जिला खरगोन के खिलाफ दुष्कर्म और जान से मारने की धमकी की धाराओं में केस दर्ज कर लिया गया। महिला ने पुलिस को बताया कि आरोपी ने घर में घुसकर उसके साथ जबर्दस्ती की और जान से मारने की धमकी दी।

सभी प्रकार की निजी जांच/तहकीकात, गोपनीय अनुसंधान हेतु
मदद के लिए तैयार कभी भी-कहीं भी

चारित्रिक...?
पारिवारिक..?
व्यापारिक...?
वैवाहिक..?
कोर्ट सबूत...?
आपराधिक..?
राजनैतिक...?




DETECTIVE GROUP
पूर्ण गोपनीयता...पूर्ण विश्वसनीयता
www.detectivegroup.in

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं 406- इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित।
■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535 ■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 0731-2433667 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक